# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 31.1.26 | 3 | 1-3 |


### वीसी ने काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की दो पुस्तकों का किया विमोचन

# एचएयू के 53 विद्यार्थियों का कंपनियों में चयन, 10 लाख तक का मिला पैकेज

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू के 53 विद्यार्थियों का चयन देश की नामी कंपनियों में हुआ है, जिन्हें अधिकतम 10 लाख रुपए तक का वार्षिक पैकेज ऑफर किया गया है। बुधवार को वीसी प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा तैयार की गई दो विशेष पुस्तकों का विमोचन किया। इन पुस्तकों में वर्ष 2024-25 के दौरान चयनित विद्यार्थियों का विस्तृत ब्यौरा दिया है। इस अवसर पर सामुदायिक विज्ञान कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल मौजूद रहे।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस.के. पाहुजा ने बताया कि कृषि कॉलेज के 38 छात्रों का चयन पेस्टीसाइड, शुगर, बीज, इंश्योरेंस, बायो-एनर्जी और एनजीओ जैसे क्षेत्रों में हुआ है। वहीं एग्रीकल्चरल इंजी. कॉलेज के 15 बीटेक छात्रों ने ऑटोमोबाइल सेक्टर की दिग्गज कंपनियों में जगह बनाई है।



एचएयू के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की दो पुस्तकों का किया विमोचन।

## एचएयू की छात्रा आरती खिप्पल का जापान में पीएचडी के लिए चयन, टोक्यो विवि उठाएगी खर्च

हिसार| एचएयू के कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा आरती खिप्पल का जापान स्थित टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। उनकी पढ़ाई, रहने का खर्च और छात्रवृत्ति का संपूर्ण वहन टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा किया जाएगा। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने आरती को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। यह चयन हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर के बीच हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) के तहत हुआ है। आरती इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित होने वाली बायोटेक कॉलेज की पहली छात्रा हैं। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव के अनुसार, आरती जापान में इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट विभाग के अंतर्गत मॉलिक्यूलर साइटोजेनेटिक्स विषय पर शोध करेंगी। उनके शोध कार्य का मार्गदर्शन प्रो इराए केनजी और डॉ. बाबिल करेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 31.1.26 | 5 | 5-6 |

# हकृवि की छात्रा आरती खिप्पल का जापान में पी.एच.डी. के लिए हुआ चयन

हिसार, 30 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा आरती खिप्पल का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पी.एच.डी. के लिए चयन हुआ है। इस दौरान छात्रा का सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा वहन किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि छात्रा आरती का दाखिला पी.एच.डी. के लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिग के तहत हुआ है। आरती बायोटेक कॉलेज की पहली छात्रा है, जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। पी.एच.डी. के दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि आरती इंटरनैशनल एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के अंतर्गत मॉलिक्यूलर साइटोजेनेटिक्स विषय पर शोध करेंगी। आरती ने अपनी स्नातकोत्तर शिक्षा



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ चयनित छात्रा व अधिकारी।*

आणविक जीवविज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी विभाग में सह प्राध्यापक डॉ. शिखा यशवीर के मार्गदर्शन में पूरी की है। स्नातकोत्तर में आरती ने गेहूं में रतुआ रोग के विरुद्ध प्रतिरोध प्रदान करने वाले जीन की पहचान पर सफलतापूर्वक शोध किया। उनका यह शोध भविष्य में रोग प्रतिरोधी गेहूँ की किस्म के विकास और क्रॉप इम्प्रूवमेंट में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

आरती ने बताया कि वह जींद (हरियाणा) की रहने वाली है। उनके पिता सुशील कुमार एक व्यवसायी है जबकि माता संदीप देवी एक गृहणी है। आरती ने अपनी सफलता का श्रेय कुलपति के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं के साथ-साथ अपने चाचा संदीप खिप्पल, माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। ज्ञात रहे कि स्नातक शिक्षा के दौरान आरती ने यूनिवर्सिटी लेवल पर भी उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया था। उनकी विशेष रुचि जीनोम एडिटिंग, जीन अध्ययन और आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी टेक्नीक्स में है। भविष्य में आरती का लक्ष्य एक वैज्ञानिक बनकर कृषि सुधार और अनुसंधान के क्षेत्र में योगदान देना है। इस अवसर पर बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. नवीन कौशिक उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 31-1-26 | 4 | 6-8 |

# जापान में पीएचडी के लिए आरती का चयन

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कालेज आफ बायोटेक्नोलाजी की छात्रा आरती खिप्पल का टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान छात्रा का सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा वहन किया जाएगा।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है। विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी न केवल विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशों से भी अनेक छात्र यहां पर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आरती का दाखिला पीएचडी के



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ चयनित छात्रा व अधिकारी • पीआरओ

लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर जापान के बीच हुए मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग के तहत हुआ है। आरती बायोटेक कालेज की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। पीएचडी के दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी।

ज्ञात रहे कि कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज हाल ही में जापान का दौरा करके आए हैं। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध और इंटर्नशिप के अधिक से अधिक अवसर प्राप्त होंगे। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डा. रमेश यादव ने बताया कि आरती इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के अंतर्गत मालिक्यूलर साइटोजेनेटिक्स विषय पर शोध करेगी। उनके शोध कार्य का मार्गदर्शन प्रो. इरीए केनजी और डा. बाबिल द्वारा किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 31-1-26 | 5 | 6-8 |

# हकृवि की छात्रा आरती खिप्पल का जापान में पीएचडी के लिए चयन

## पढ़ाई, छात्रवृत्ति व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा वहन किया जाएगा

हिसार, 30 जनवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा आरती खिप्पल का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान छात्रा का सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा वहन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है। विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी न केवल विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशों से भी अनेक छात्र यहां पर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आरती का दाखिला पीएचडी के लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के तहत हुआ है। आरती बायोटेक कॉलेज की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। पीएचडी के दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। ज्ञात रहे कि कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज हाल ही में जापान का दौरा करके आए हैं। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध और इंटरंशिप के अधिक से अधिक अवसर प्राप्त होंगे। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि आरती इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल डेवलपमैंट डिपार्टमैंट के अंतर्गत मॉलिक्यूलर साइटोजेनेटिक्स विषय पर शोध करेंगी। उनके शोध कार्य का मार्गदर्शन प्रो. इरीए केनजी तथा डॉ. बाबिल द्वारा किया जाएगा। आरती ने अपनी स्नातकोत्तर शिक्षा आणविक जीवविज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी विभाग में सह प्राध्यापक डॉ. शिखा यशवीर के मार्गदर्शन में पूरी की है। स्नातकोत्तर में आरती ने गेहूं में रतुआ रोग के विरुद्ध प्रतिरोध प्रदान करने वाले जीन की पहचान पर सफलतापूर्वक शोध किया। उनका यह शोध भविष्य में रोग प्रतिरोधी गेहूं की किस्म के विकास और क्रॉप इम्प्रूवमेंट में महत्वपूर्ण योगदान देगा। आरती ने बताया कि वह जींद (हरियाणा) की रहने वाली है। उनके पिता सुशील कुमार एक व्यवसायी है जबकि माता संदीप देवी एक ग्रहणी है।


कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ चयनित छात्रा व अधिकारी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 31-1-26 | 12 | 7-8 |

## एचएयू की छात्रा आरती खिप्पल का जापान में पीएचडी के लिए चयन



■ पढ़ाई, छात्रवृत्ति व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी करेगी वहन

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा आरती खिप्पल का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान छात्रा का सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा वहन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है। आरती बायोटेक कॉलेज की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। पीएचडी के दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 31.1.26 | | |

## जापान में पीएचडी करेंगी आरती खिप्पल



वीसी प्रो. बीआर कांबोज के साथ आरती खिप्पल व अन्य। स्रोत : विवि

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा आरती खिप्पल का चयन टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर (टीयूए), जापान में पीएचडी के लिए हुआ है। विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति के साथ ही आरती के रहने, खाने और अन्य खर्च का पूरा प्रबंध करेगा। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि आरती इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के तहत मॉलिक्यूलर साइटोजेनेटिक्स विषय पर शोध करेंगी। उनका शोध मार्गदर्शन प्रो. इरीए केनजी और डॉ. बाबिल करेंगे। स्नातकोत्तर में आरती ने गेहूं में रतुआ रोग के विरुद्ध प्रतिरोध प्रदान करने वाले जीन की पहचान पर शोध किया। जींद निवासी आरती के पिता सुशील कुमार व्यवसायी और माता संदीप देवी गृहिणी हैं। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 30.1.2026 | -- | -- |

# हकृवि की छात्रा आरती का जापान में पीएचडी के लिए चयन
## पढ़ाई, छात्रवृत्ति व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा वहन किया जाएगा



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ चयनित छात्रा व अधिकारी

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा आरती खिप्पल का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान छात्रा का सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा वहन किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है। विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी न केवल विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशों से भी अनेक छात्र यहां पर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आरती का दाखिला पीएचडी के लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के तहत हुआ है। आरती बायोटेक कॉलेज की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। पीएचडी के दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी।

ज्ञात रहे कि कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज हाल ही में जापान का दौरा करके आए हैं। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध और इंटरंशिप के अधिक से अधिक अवसर प्राप्त होंगे।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि आरती इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के अंतर्गत मॉलिक्यूलर साइटोजेनेटिक्स विषय पर शोध करेंगी। उनके शोध कार्य का मार्गदर्शन प्रो. इरीए केनजी तथा डॉ. बाबिल द्वारा किया जाएगा। आरती ने अपनी स्नातकोत्तर शिक्षा आणविक जीवविज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी विभाग में सह प्राध्यापक डॉ. शिखा यशवीर के मार्गदर्शन में पूरी की है। स्नातकोत्तर में आरती ने गेहूं में रतुआ रोग के विरुद्ध प्रतिरोध प्रदान करने वाले जीन की पहचान पर सफलतापूर्वक शोध किया। उनका यह शोध भविष्य में रोग प्रतिरोधी गेहूं की किस्म के विकास और क्रॉप इम्प्रूवमेंट में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

आरती ने बताया कि वह जींद (हरियाणा) की रहने वाली है। उनके पिता सुशील कुमार एक व्यवसायी है जबकि माता संदीप देवी एक गृहणी है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जगमार्ग न्यूज | 30.1.2026 | -- | -- |

# हकृवि की छात्रा आरती खिप्पल का जापान में पीएचडी के लिए हुआ चयन

● पढ़ाई, छात्रवृत्ति व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा वहन किया जाएगा

**हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा आरती खिप्पल का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान छात्रा का सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा वहन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है। विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी न केवल विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशों से भी अनेक छात्र यहां पर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आरती का दाखिला पीएचडी के लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के तहत हुआ है। आरती



बायोटेक कॉलेज की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। पीएचडी के दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। ज्ञात रहे कि कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज हाल ही में जापान का दौरा करके आए हैं। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध और इंटरंशिप के अधिक से अधिक अवसर प्राप्त होंगे।

स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि आरती इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के अंतर्गत मॉलिक्यूलर साइटोजेनेटिक्स विषय पर शोध करेंगी। उनके शोध कार्य का मार्गदर्शन प्रो. इरीए केनजी तथा डॉ. बाबिल द्वारा किया जाएगा। आरती ने अपनी स्नातकोत्तर शिक्षा आणविक जीवविज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी विभाग में सह प्राध्यापक डॉ. शिखा यशवीर के मार्गदर्शन में पूरी की है। स्नातकोत्तर में आरती ने गेहूं में रतुआ रोग के विरुद्ध प्रतिरोध प्रदान करने वाले जीन की पहचान पर सफलतापूर्वक शोध किया।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 30.1.2026 | -- | -- |

# हकृवि की छात्रा आरती खिप्पल का जापान में पीएचडी के लिए हुआ चयन




**हिसार ( समस्त हरियाणा न्यूज )।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा आरती खिप्पल का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान छात्रा का सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा वहन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्व विद्यालयों में शुमार है। विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी न केवल विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशों से भी अनेक छात्र यहां पर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आरती का दाखिला पीएचडी के लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के तहत हुआ है। आरती बायोटेक कॉलेज की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। पीएचडी के दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। ज्ञात रहे कि कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज हाल ही में जापान का दौरा करके आए हैं। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध और इंटर्नशिप के अधिक से अधिक अवसर प्राप्त होंगे। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि आरती इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के अंतर्गत मॉलिक्यूलर साइटो जेनेटिक्स विषय पर शोध करेंगी। उनके शोध कार्य का मार्गदर्शन प्रो. इरीए केनजी तथा डॉ. बाबिल द्वारा किया जाएगा। आरती ने अपनी स्नातकोत्तर शिक्षा आणविक जीवविज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी विभाग में सह प्राध्यापक डॉ. शिखा यशवीर के मार्गदर्शन में पूरी की है। आरती ने बताया कि वह जींद (हरियाणा) की रहने वाली है। उनके पिता सुशील कुमार एक व्यवसायी है जबकि माता संदीप देवी एक ग्रहणी है। आरती ने अपनी सफलता का श्रेय कुलपति के मार्गदर्शन के साथ-साथ अपने चाचा संदीप खिप्पल, माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। इस उपलब्धि के लिए आरती ने अपने मार्गदर्शक अंतरराष्ट्रीय सैल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा तथा डॉ. मंजूनाथ का भी आभार व्यक्त किया। भविष्य में आरती का लक्ष्य एक वैज्ञानिक बनकर कृषि सुधार और अनुसंधान के क्षेत्र में योगदान देना है। इस अवसर पर बायो टेक्नोलॉजी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. नवीन कौशिक उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
# लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| त्रिनेत न्यूज | 30.1.2026 | -- | -- |

## हकृवि की छात्रा आरती खिप्पल का जापान में पीएचडी के लिए हुआ चयन

त्रिनेत्र न्यूज

**हिसार /** विनोद चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा आरती खिप्पल का टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। इस दौरान छात्रा का सारा खर्च टोक्यो यूनिवर्सिटी द्वारा वहन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है। विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी न केवल विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशों से भी अनेक छात्र यहां पर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आरती का दाखिला पीएचडी के लिए हकृवि और टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, जापान के बीच हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के तहत हुआ है। आरती बायोटेक कॉलेज की पहली छात्रा है जिसका इस प्रोग्राम के अंतर्गत चयन हुआ है। पीएचडी के दौरान पढ़ाई व रहने का शुल्क टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, जापान द्वारा वहन किया जाएगा तथा छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। ज्ञात रहे कि कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज हाल ही में जापान का दौरा करके आए हैं। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध और इंटर्नशिप के अधिक से अधिक अवसर प्राप्त होंगे। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि आरती इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के अंतर्गत मॉलिक्यूलर साइटोजेनेटिक्स विषय पर शोध करेंगी। उनके शोध कार्य का मार्गदर्शन प्रो. इरीए केनजी तथा डॉ. बाबिल द्वारा किया जाएगा। आरती ने अपनी स्नातकोत्तर शिक्षा आणविक जीवविज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी विभाग में सह प्राध्यापक डॉ. शिखा यशवीर के मार्गदर्शन में पूरी की है। स्नातकोत्तर में आरती ने गेहूं में रतुआ रोग के विरुद्ध प्रतिरोध प्रदान करने वाले जीन की पहचान पर सफलतापूर्वक शोध किया। उनका यह शोध भविष्य में रोग प्रतिरोधी गेहूँ की किस्म के विकास और क्रॉप इम्प्रूवमेंट में महत्त्वपूर्ण योगदान देगा। आरती ने बताया कि वह जींद (हरियाणा) की रहने वाली है। उनके पिता सुशील कुमार एक व्यवसायी है जबकि माता संदीप देवी एक ग्रहणी है। आरती ने अपनी सफलता का श्रेय कुलपति के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं के साथ-साथ अपने चाचा संदीप खिप्पल, माता-पिता व शिक्षकों को दिया है।